दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र: 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (जुलाई)

कक्षा: तीसरी **विषय: हिंदी**

उपविषय: अपठित गद्यांश, व्याकरण: शब्द-वाक्य, संज्ञा

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

एक कौआ था । एक दिन उसे रोटी का टुकड़ा मिला। वह उसे लेकर एक पेड़ की डाल पर बैठ गया। तभी वहाँ एक लोमड़ी आ गई ।उसने कौए की चोंच में रोटी का टुकड़ा देखा।जिसे देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया। वह पेड़ के नीचे आई और कौए से बोली, "कौए भाई आप तो बहुत मीठा गाते हो ,अपनी मीठी और मधुर आवाज़ में एक गाना सुना दो ना।" अपनी तारीफ़ सुनकर कौआ खुश हो गया ।उसने जैसे ही गाने के लिए मुँह खोला, वैसे ही रोटी का टुकड़ा नीचे गिर गया ।लोमड़ी ने जल्दी से रोटी का टुकड़ा उठाया और वहाँ से भाग गई। बेचारा कौआ काँव-काँव करता ही रह गया।

प्र•1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) एक दिन कौए को किसका टुकड़ा मिला ?
ख) लोमड़ी ने किसकी चोंच में रोटी का टुकड़ा देखा?

प्र•2) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-

क) मधुर - मीठा , कड़वा
ख) प्रशंसा - निंदा , तारीफ़

प्र•3) सही विकल्प चुनकर लिखिए-

क) कौआ रोटी का टुकड़ा लेकर कहाँ बैठ गया?

अ) पेड़ पर ब) छत पर स) मेज़ पर

व्याकरण

प्र•4) दिए गए वर्णों को सही क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए।

क) **बसुह-** ___________

ख) **कूस्ल-** ___________

प्र•5) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को चुनकर लिखिए।

क) बच्चा विद्यालय जा रहा है।

ख) मेरे दादाजी अस्पताल गए हैं ।

प्र•6) निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से कीजिए।

क) मैंने चिड़ियाघर में ___________ को देखा।